CS (Main) Exam, 2020 वियोज्य **DETACHABLE**

# भूगोल (प्रश्न-पत्र II)

# GEOGRAPHY (Paper II)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे* | *अधिकतम अंक : 250* |
| *Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए । इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1.(a) आप को दिए गए भारत के रेखामानचित्र पर निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू.सी.ए. पुस्तिका में इन स्थानों में से प्रत्येक का भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक महत्त्व अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए :

On the outline map of India provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations whether physical/commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than 30 words for each entry : 2×10=20

(i) वधावन
Vadhawan

(ii) सलखन
Salkhan

(iii) कूर्ग
Coorg

(iv) महू
Mhow

(v) उमरोई
Umroi

(vi) तूतूकुड़ी
Thoothukudi

(vii) बारगढ़
Bargarh


(viii) अटल सुरंग
Atal Tunnel

(ix) गुरुशिखर
Gurushikhar

(x) बुम ला
Bum La

# INDIA

WITH AFGHANISTAN, BANGLADESH, BHUTAN, NEPAL, MYANMAR (BURMA), PAKISTAN AND SRI LANKA



1.(b) जलवायु परिवर्तन ने ऋतुओं की लय को अस्थिर कर दिया है । उदाहरणों एवं आनुभाविक साक्ष्यों सहित टिप्पणी कीजिए ।

Climate change has unsettled the rhythm of seasons. Comment with examples and empirical evidences. 10

1.(c) ग्रामीण भारत में प्रदूषण घटाने के लिए फसल अवशेष प्रबन्धन की विधियों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the methods of crop residue management in rural India to reduce pollution. 10

1.(d) जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की प्रादेशिक आकांक्षायें क्या राज्य के पुनर्गठन के माध्यम से पूरी हो पाई हैं ? मूल्यांकन कीजिए ।

Has the regional aspiration of the people of Jammu and Kashmir been addressed through re-organisation of the state ? Make an assessment. 10

2.(a) जनजातीय उप-योजना के अन्तर्गत संरक्षित क्षेत्रों की पहचान सहित उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आरम्भ किए गए कार्यक्रमों की विवेचना कीजिए ।

Identifying areas covered under tribal sub-plan, discuss the programmes initiated to address their problems. 20

2.(b) भारत में रंगों के आधार पर वर्गीकृत मृदा प्रकारों में विशिष्ट रासायनिक एवं खनिज विशेषताएं होती हैं । विवेचना कीजिए ।

Soil types in India, classified on the basis of colour, possess specific chemical and mineral characteristics. Discuss. 15

2.(c) भारत का औषधीय उद्योग कच्चे माल के आयात पर निर्भर करता है । भारत-चीन सम्बन्धों के दृष्टिकोण से इस कथन का मूल्यांकन कीजिए ।

The pharmaceutical industry in India depends on the import of raw materials. Evaluate this statement in view of the Indo-Chinese relationship. 15

3.(a) भारत ने निजी क्षेत्र के लिए अपने अंतरिक्ष को उपग्रह आधारित गतिविधियों हेतु खोल दिया है । प्रमुख सुरक्षा दुश्चिन्ताओं को इंगित करते हुए इसके निहितार्थों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

India has opened-up its space to private sector for satellite based activities. Critically examine its implications indicating the major security concerns. 20

3.(b) भारत के तिलहन उत्पादक क्षेत्रों की पहचान कीजिए। साथ ही खाद्यतेल उद्योग को प्रोत्साहित करने वाले उपायों की विवेचना कीजिए।

Identify oilseeds producing areas in India and discuss the measures to promote edible oil industry. 15

3.(c) भारत में परिवर्तनशील ग्रामीण लोकगृहों का एक तर्कयुक्त भौगोलिक विवरण दीजिए।

Give a reasoned geographical account of changing rural folk houses in India. 15

4.(a) सीमावर्ती क्षेत्र विकास एक महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय प्राथमिकता है। शान्तिपूर्ण सीमाओं हेतु आवश्यक स्थितिस्थापक कदम क्या हैं ?

Border area development is an important national priority. What are the resilient steps needed for peaceful borders ? 20

4.(b) बच्चों में रुद्धविकास एवं क्षयरोग खाद्य असुरक्षा के प्रमुख परिणाम हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा उनकी उपलब्धियों की विवेचना कीजिए।

Stunting and wasting among children are major consequences of food insecurity. Discuss various schemes of Government of India to address these problems and their achievements. 15

4.(c) आवश्यक वस्तु (संशोधन) बिल 2020 का लक्ष्य कृषि उपजों के उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण को नियंत्रण-मुक्त करना है। इसके क्षेत्रीय परिणामों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

The Essential Commodities (Amendment) Bill 2020 aims to deregulate the production, supply and distribution of farm produce. Critically examine its spatial consequences. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए।

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) पंचायती राज की सफलता लोगों की आधार स्तर पर सार्थक सहभागिता पर निर्भर करती है। परीक्षण कीजिए।

The success of Panchayati Raj depends upon meaningful participation of people at grassroot level. Examine. 10

5.(b) भारतीय कृषि को नीम लेपित यूरिया योजना से होने वाले लाभों को स्पष्ट कीजिए ।

Elucidate the benefits of neem coated urea scheme for Indian agriculture. 10

5.(c) नहर सिंचाई ने भारत में एकलसस्यन को जन्म दिया है । उपयुक्त उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

Canal irrigation has led to monocropping in India. Explain with suitable examples. 10

5.(d) प्रकृति में वृद्धिमान पारिस्थितिक पद-चिन्हों का प्रतिरूप असमान है । भारत के भूमि संसाधनों के सन्दर्भ में विश्लेषण कीजिए ।

The pattern of growing ecological foot-prints is uneven in nature. Analyse with reference to land resources in India. 10

5.(e) भारत के प्रजनक एवं पराश्रयिक नगरों की चुनौतियों की पहचान कीजिए तथा उनके सम्भावित उपचार बताएं ।

Identify challenges faced by generative and parasitic towns in India and their possible remedies. 10

6.(a) विकास में प्रादेशिक विषमता को घटाने हेतु भारत में 'डिजिटल विभाजक' का त्वरित निवारण आवश्यक है । उपयुक्त उदाहरणों सहित विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

Digital Divide in India needs quick redressal to reduce regional disparity in development. Elaborate with suitable examples. 20

6.(b) हिमालय में हिमस्खलन एक प्रमुख ख़तरा है । इसके कारण तथा प्रशमन उपाय क्या हैं ?

Avalanche is a major hazard in the Himalayas. What are its causes and mitigation measures ? 15

6.(c) भारत में जनांकिकीय संक्रमण की प्रक्रिया एक समान नहीं है । जनांकिकी संक्रमण सिद्धान्त के सन्दर्भ में इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

The process of demographic transition is not uniform in India. Examine this statement in the context of demographic transition theory. 15

7.(a) भारत के भूकम्पी क्षेत्रों का सीमांकन करते हुए अत्यन्त संवेदनशील भूकम्पी क्षेत्रों में धारणीय मानव अधिवासों हेतु उपयुक्त हस्तक्षेप सुझाइए ।

Demarcating the seismic zones of India, suggest suitable interventions required in most sensitive seismic zones for sustainable human settlements. 20

7.(b) ब्लू फ़्लैग प्रमाणित समुद्री तटों की विशेषतायें क्या हैं ? भारत में समुद्र तटीय पर्यटन में उनके महत्व की विवेचना कीजिए ।

What are the characteristics of Blue Flag certified beaches ? Discuss their significance for beach tourism in India. 15

7.(c) नियोजित शहरों के चतुर्दिक विकसित नगरीय विस्तार के फलस्वरूप अनधिकृत अधिवास प्रकट होते हैं । इस प्रकार की वाह्यवृद्धि के लाभों तथा हानियों की विवेचना कीजिए ।

Urban sprawl around planned cities evolve leading to emergence of squatter settlements. Discuss the advantages and disadvantages of such outgrowth. 15

8.(a) भारत में ग्रामीण-नगरीय विभाजक के सन्दर्भ में श्रमशक्ति के संघटन की परिवर्तनशील प्रकृति का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the changing nature of workforce composition vis-à-vis rural-urban divide in India. 20

8.(b) दक्षिण चीन सागर में भारत के आर्थिक, समुद्री एवं सामरिक हितों का वर्णन कीजिए ।

Describe the economic, maritime and strategic interests of India in South China Sea. 15

8.(c) भारत में रोज़गार में कमी वाले प्रदेशों हेतु किस प्रकार के कौशल प्रोत्साहन कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं ? व्याख्या कीजिए ।

What kind of skill promotion programmes have been initiated for job deficient regions in India ? Explain. 15